# बार-बार बढ़ाई जा रही गेहूं खरीदी की तारीख, किसान परेशान

**जिला कांग्रेस ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया धरना**





**सिवनी नवभारत। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर आज सिवनी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कचहरी चौक पर धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की मोहन यादव सरकार की विफल नीतियों के कारण आज सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के अन्नदाता किसान गेहूँ खरीदी न होने के कारण परेशान है। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की उपज गेहूँ फसल के उपार्जन की तारीखे बार-बार बढ़ाई जा रही है, पहले 23 मार्च फिर 01 अप्रेल, 10 अप्रेल और अंत में 15 अप्रेल कर दी गई है, जिस कारण किसान अत्यधिक आक्रोशित है।**

यह समय किसान एवं अन्य दूसरे लोगो के घरो में बेटा-बेटियो के विवाह के अलावा अन्य मांगलिक कार्यो का रहता है। भाजपा सरकार द्वारा समय पर गेहूँ खरीदी न किये जाने से किसान आर्थिक कमी से अपने पारिवारिक दायित्वों को पूरा नही कर पा रहा है बाध्य होकर उसे सूदखोरो के चंगुल में फसना पड़ रहा है। गेहूँ खरीदी न किये जाने के बावजूद भी सरकार के आदेश से सहकारी संस्थाओं द्वारा ऋण वसूली का किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है, किसान मजबूर होकर डिफाल्टर होने के भय से अपनी फसल को 2000 से 2200 रूपये के औने पौने दामो पर बिचौलियों को बेचने मजबूर हो रहा है, वर्तमान में किसानों को अपनी उपज के समानांतर लागत के चलते जिले के किसानो को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। जिसके फलस्वरूप किसान कर्ज के बोझ तले दबते चले जा रहे है।

जिला कलेक्टर के आदेशानुसार किसान यदि अगली फसल की तैयारी के लिए गेहूँ की नरवाई जलाता है ऐसे किसानो पर 5 हजार रूपय का जुर्माना लगाने के आदेश जारी किये गये है, जो कि सर्वथा अनुचित है जिला कांग्रेस द्वारा मांग की गई है कि जिला कलेक्टर इस आदेश को तुरंत वापिस ले या कि नरवाई नष्ट करने के लिए सरकार कोई उपकरण नि:शुल्क उपलब्ध कराये।

भारतीय जनता पार्टी के नेता वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान और प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने विधानसभा चुनाव पूर्व किसानो को तरह तरह के प्रलोभन देकर सरकार तो बना ली किन्तु अपने किये गये वादो को निभाना भूल गये, प्रदेश का समूचा कृषक वर्ग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है।

धरना आंदोलन को सम्बोधित करते हुये केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठा. रजनीश सिंह ने कहा कि मैंने विधानसभा में बार बार किसानों की समस्याओं को विधानसभा में उठाया इसके बावजूद सरकार ने किसानों के विषय को लगातार नजर अंदाज कर गोल मोल जवाब देती है आज सिवनी जिले में ही नही पूरे प्रदेश में किसानों की हालत बद से बदत्तर है किसान की फसल आ चुकी है सरकार खरीदी में हीला हवाला कर रही है जिस कारण किसानों का गेहूँ घर और खलिहान में रखा हुआ है। मौसम विभाग द्वारा खराब मौसम का अनुमान बताया जा रहा है जिससे उसकी परेशानी ज्यादा बढ़ती जा रही है। श्री सिंह ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को शत प्रतिशत मुआवजा राशि दी जाये एवं प्रभावित किसानों का फसल ऋण मांफ किये जाने की मांग की।

श्री राजा बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूरा खेल भारतीय जनता पार्टी के सिंडीकेट का चल रहा है, किसानों के गेहूँ को खरीदने की तारीखे इस लिए बढ़ाई जा रही है ताकी भाजपा के सिंडीकेट को ही अपना माल बेच सकें, एक दूसरे से श्रेय लेने के लिए सिंडीकेट के मुखिया जिले की सांसद, विधायक, पूर्व विधायक एवं जिला भाजपा अध्यक्ष यदि ये लोग किसानों के हित में एक आंदोलन कर देते तो किसानों की समस्या समाप्त हो जाती। भाजपा सरकार द्वारा गेहूँ खरीदी की टाईम लाईन बार बार बड़ाई जा रही है जो कि अनुचित है बिचौलियों को औने मौने दामो पर गेहूँ खरीदी का मौका दिया जा रहा है।

आंदोलन को मोहनसिंह चंदेल, जेपीएस तिवारी, खुमानसिंह ठाकुर, देवेन्द्रसिंह ठाकुर, तेजसिंह रघुवंशी, दिनेश सिंह ठाकुर, प्रभात सिंह ठाकुर, मुबारक खान, दुपेन्द्र अमूले, नितिन डेहरिया, मनोज राहंगडाले, देवेन्द्र सरवैया, हुकुमचंद सनोडिया, शिवदीप डेहरिया, विष्णु करोसिया, प्रभातसिंह ठाकुर, नितिन डेहरिया, धनंजयसिंह, विनोद यादव, शुभम सनोडिया, ने सम्बोधित किया।

### कांग्रेस ने प्रदेश सरकार को ठहराया जिम्मेदार

धरना आंदोलन को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही गैर जिम्मेदारी पूर्ण नीति से प्रदेश का किसान परेशान है प्रदेश सरकार ने 2700 रू. प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदने का वादा किया था, सरकार द्वारा आज तक गेहूँ की खरीदी नही की सिर्फ तारीख पे तारीख देकर किसानों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। एक और जहाँ किसानों का गेहूँ नही खरीदा जा रहा है वही दूसरी और सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानो से की जाने वाली ऋण वसूली को तत्काल प्रभाव से आदेश जारी कर दिया है। जो कि किसानों के साथ खुलेआम धोखाधड़ी के श्रेणी में आता है श्री मरावी ने कहा कि किसानों के गेहूँ की खरीदी शीघ्र अतिशीघ्र की जाये, नही तो कांग्रेस पार्टी आगामी समय में पुन: आंदोलन करने बाध्य होगी।



## सरकारी बोर पर कब्जा, जनपद सदस्य पति पर आरोप, जांच की मांग तेज

**सिवनी नवभारत।** विकासखंड सिवनी की ग्राम पंचायत कातालबोड़ी में सरकारी बोर पर कब्जे का मामला सामने आया है। सरपंच संतराम सनोदिया ने आरोप लगाया है कि जनपद सदस्य के पति परमू सनोदिया द्वारा पीएचई विभाग के बोर का निजी उपयोग किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, लगभग दो वर्ष पूर्व पीएचई विभाग द्वारा गांव की सरकारी जमीन पर बोर कर मोटर स्थापित की गई थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराना था। लेकिन आरोप है कि उक्त बोर का उपयोग जनपद सदस्य पति परमू सनोदिया अपने कृषि कार्य और घरेलू उपयोग के लिए कर रहे हैं।

सरपंच ने बताया कि इस मामले की शिकायत पीएचई के एसडीओ राजकुमार गभने से की गई थी, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में नाप-जोख और पंचनामा की कार्रवाई भी की जा चुकी है, इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम पंचायत की ओर से आरोप है कि प्रभावशाली होने के कारण संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। यहां तक कि सरकारी बोर को घर की बिजली कनेक्शन से चलाने की बात भी सामने आई है। इस पूरे मामले में सरपंच ने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

पीएचई के एसडीओ राजकुमार गभने ने बताया कि उन्हें हाल ही में सरपंच द्वारा मामले की जानकारी दी गई है, जिस पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, विद्युत वितरण केंद्र ग्रामीण के सहायक यंत्री प्रमोद सराठे ने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है, लेकिन जांच करवाई जाएगी।

अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और ग्रामीणों को न्याय मिल पाता है या नहीं।

## एक नजर में

### राम नाम वेदों का प्राण है : ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप



सिवनी। ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी केवलारी के समीपस्थ ग्राम बंदेली में शुरू हुई श्री राम कथा जिसमें कथा व्यास ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज के मुखारविंद से भगवान् राम की जीवन गाथा की अमृत वर्षा हो रही है कथा के द्वितीय दिवस की कथा में पूज्य श्री ने कहा कि रामायण जो है सौ करोड़ श्लोकों में वर्णित है। साथ ही कहा कि ये राम नाम वेदों का प्राण है। पापी व्यक्ति में जितनी पाप करने की क्षमता नहीं है जितनी भगवान् के नाम की महिमा है राम चरित मानस के चार प्रमुख वक्ता और चार प्रमुख श्रोता हैं सबसे पहले भगवान् शंकर ही इस राम चरित मानस के प्रथम रचयिता हैं। उन्होंने भगवती पार्वती को ये राम चरित मानस प्रदान किया वही कथा शंकर जी ने कागभुशुंडि जी को प्रदान की। कागभुशुंडि जी ने गरुड़ जी को सुनाई।

### सफाई मित्रों का कैंप लगाकर कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण



छपारा। सम्पूर्ण प्रदेश में नगर निकायों में स्वच्छता स्वाभिमान अभियान के आयोजन के निर्देशों के तहत गुरुवार 9 अप्रैल को छपारा नगर परिषद में भी कार्यरत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंप लगाकर कराया गया है. जहां उनका बीपी, शुगर सहित जांच की गई. और चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह दी गई. इस दौरान छपारा नगर परिषद में कार्यरत 40 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया स्वच्छता प्रभारी कमल सूर्यवंशी भी मौजूद रहे. नगर परिषद की सीएमओ गीता वाल्मीकि ने बताया कि नगर पालिका निगम आयुक्त मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार सभी स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है. उन्होंने बताया कि स्वच्छता मित्रों के स्वास्थ्य का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है समय-समय पर उनका हेल्थ चेकअप कराया जाता है ताकि उन्हें कोई गंभीर बीमारी ना हो और वह स्वस्थ रहें

### कम परीक्षा परिणाम पर सख्ती, 61 विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस

सिवनी। कार्यालय, जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा में कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही प्रारंभ की गई है। परीक्षा परिणाम के विश्लेषण में कक्षा 5वीं के 42 एवं कक्षा 8वीं के 19, कुल 61 विद्यालयों का परिणाम 40 प्रतिशत या उससे कम पाया गया है। इनमें कक्षा 5वीं के 14 तथा कक्षा 8वीं के 2 विद्यालयों का परिणाम शून्य प्रतिशत दर्ज किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में संबंधित संस्था प्रमुखों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



### णमोकार दिवस मनाया

**लखनादौन नवभारत।** विश्व कलयाण की भावना से विश्व णमोकार महामंत्र दिवस मनाया, स णमोकार महामंत्र अनादि अनीधन महामंत्र है जैन धर्म में णमोकार महामंत्र 84 लाख मंत्रों का राजा है इस मंत्र का जाप मुनि आर्यिका श्रावक श्राविका प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक दिन करते हैं 09 अप्रैल को विश्व णमोकार महामंत्र दिवस मनाया जाता है प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 9 अप्रैल को विश्व णमोकार महामंत्र दिवस लखनादौन जैन समाज में भी शांति और ध्यान पूर्वक मनाया गया सुबह 08-01 मिनट से 09-36 मिनट तक अखण्ड णमोकार महामंत्र जी का पाठ किया गया, सकल दिगंबर जैन समाज लखनादौन के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर गौरव बाल ब्रह्मचारिणी अर्चना दीदी बाल ब्रह्मचारी कविता दीदी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपूर्ण हुआ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अंबेडकर वार्ड क्रमांक 5 में साफ-सफाई अभियान



**सिवनी नवभारत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद छपारा द्वारा अंबेडकर वार्ड क्रमांक 5 में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों नदी नाला कुएं की स्वच्छता बनाए रखना, गंदगी एवं कचरे के कारण होने वाले प्रदूषण को रोकना तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है नगर परिषद की अध्यक्ष निशा सुरेश पटेल ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में लगातार साफ-सफाई और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे जल स्त्रोतों का संरक्षण हो सके और स्वच्छता को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर नगर परिषद की पार्षद श्रीमती शशि नागेश नीलू नागेश के द्वारा अपील की गई कि घर का कचरा सीधे नदी नाले कुआ जल स्त्रोत में कचरा न डाले घर का कचरा कचरा गाड़ी में ही डाले स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में परिषद का सहयोग करें अभियान में मुख्य रूप से नगर नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह नगर परिषद अधिकारी गीता वाल्मीकि पार्षद धर्मेंद्र जैन रामेश्वर बंजारा परिषद के अधिकारी, कर्मचारी तथा नागरिक भी उपस्थित रहे।

## सांदीपनि विद्यालय केवलारी में हुआ पुस्तक मेला का आयोजन

**स्कूल ड्रेस विक्रेताओं ने शासन के आदेश की अवहेलना की**




**केवलारी नवभारत।** नगर के स्थानीय सांदीपनि विद्यालय प्रांगण में मध्य प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश की अशासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को सभी संस्थाओं की शासकीय किताबें एवं प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें विभिन्न स्कूलों में चलने वाली विभिन्न प्रकार की स्कूल ड्रेस एक ही प्रांगण में उपलब्ध हो सके एवं उचित दरों पर प्राप्त हो सके।

इन उद्देश्य को लेकर सिवनी जिला कलेक्टर शीतला पटले के मार्ग निर्देशन में केवलारी अनुविभागी अधिकारी राजस्व महेश अग्रवाल, डॉ ए लाकरा, डी एल तिवारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बी आर सी सतीश साहू एवं सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य एल आर बछलिया की उपस्थिति में पुस्तक मेला का एवं वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सभी पुस्तक विक्रेताओं ने अपने अपने पुस्तक स्टॉल का संचालन किया गया। केवलारी क्षेत्र के अभिभावकगणों ने शासन की सराहनीय पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहाँ आकर उचित दर पर किताबें कॉपी और रजिस्टर प्राप्त हुये।

शासन के द्वारा शुरू की गई इस पहल का सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। पुस्तक मेला के आयोजन स्थल पर सिविल अस्पताल केवलारी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 14 वर्ष की छात्राओं को एचपीवी वैक्सीनेशन के टीकाकरण का कार्य किया गया।

ड्रेस विक्रेताओं ने जिला कलेक्टर शीतला पटले एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश अग्रवाल के आदेशों की अवहेलना, अनदेखी, नहीं लगाये स्कूल ड्रेस के स्टाल इस पर उपस्थित पालकगणों ने दिखायी नाराजगी एवं उच्चाधिकारियों से उचित कार्यवाही की, की गई माँग।

इस कार्यक्रम के दौरान श्री डेहरिया, आशीष शेंडे, सतेन्द्र बघेल, सरदारसिंह बघेल, पेसूराम सनोडिया, आरिफ सफारी, राजेश खरे, गोपाल परते, सोमनाथ भलावी, चैनसिंह इनवाती सहित भारी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।



## सर्व समाज ने मनाया नमोकर महामंत्र दिवस

बरघाट नवभारत। 9 अप्रैल दिन गुरुवार को जैन धर्मशाला भवन बरघाट में नमोकर महामंत्र दिवस सर्व समाज की उपस्थिति में मनाया गया। जिसमें सर्व समाज के साथ साथ नगर के जनप्रतिनिधि गण भी सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम के शुरूआत की गई, तत्पश्चात जैन समाज के वरिष्ठ धन्यकुमार जैन जी के द्वारा नमोकर महा मंत्र की महिमा के बारे में समझाया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से नमोकर महा मंत्र का पाठ किया गया। उपस्थिति वरिष्ठ जनों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस नमोकर महा मंत्र दिवस पर अपने अनुभव साझा किए। सकल जैन समाज बरघाट के सचिव सौरभ जैन द्वारा उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया।

## सिवनी अंडर-19 लेदर बॉल टूर्नामेंट : डिंडोरी और नागपुर की शानदार जीत

**सिवनी नवभारत।** बैनगंगा क्रिकेट एसोसिएशन सिवनी के तत्वाधान में आयोजित अंडर-19 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज ग्रुप-डी की चार टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। मैदान पर एक ओर सिवनी ग्रीन और डिंडोरी के बीच रोमांच चरम पर रहा, तो वहीं नागपुर और जबलपुर के बीच भी कांटे की टक्कर ने दर्शकों को बांधे रखा।

दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक मुकाबले का रुख बदलता नजर आया। डिंडोरी ने जहां संयमित खेल के दम पर जीत दर्ज की, वहीं नागपुर ने आक्रामक अंदाज में मुकाबला अपने नाम किया। दिन भर चले इन मुकाबलों ने टूर्नामेंट के रोमांच को और बढ़ा दिया, जहां हर टीम ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी और ग्रुप-डी की प्रतिस्पर्धा को बेहद दिलचस्प बना दिया।



### डिंडोरी ने 5 विकेट से दर्ज की शानदार जीत

टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में डिंडोरी ने सिवनी ग्रीन को 5 विकेट से हराकर जीत अपने नाम की। मैच में बल्लेबाज़ों और गेंदबाज़ों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सिवनी ग्रीन ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। टीम की ओर से अच्छी शुरुआत तो मिली, लेकिन अंत में बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफलता नहीं मिल सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डिंडोरी की टीम ने संयमित और आक्रामक बल्लेबाज़ी का शानदार संतुलन दिखाते हुए 16.4 ओवर में 142 रन बनाकर मैच जीत लिया। डिंडोरी की टीम ने बेहतर रणनीति और संतुलित प्रदर्शन के दम पर जीत हासिल की, जबकि सिवनी ग्रीन को गेंदबाज़ी में सुधार की जरूरत महसूस हुई।

आज के दूसरे मुकाबले में नागपुर ने जबलपुर को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए जबलपुर की टीम 20 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में नागपुर ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 17 ओवर में 143 रन बनाकर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।

**आयोजन** छपारा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

## आपदा से बचाव हेतु मानसिक और रणनीतिक तैयारी अनिवार्य : रविंद्र मीणा

**छपारा नवभारत।** गुरुवार 9 अप्रैल को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत छपारा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया, जिसमें लगभग पचास से साठ लोगों ने अपनी प्रतिभागिता दी। वहीं

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रविंद्र मीणा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।



### प्राकृतिक संतुलन और मानवीय हस्तक्षेप पर चर्चा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी रविंद्र मीणा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए भूस्खलन, भूकंप और ग्लोबल वार्मिंग जैसे गंभीर विषयों पर प्रकाश डाला, उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रकृति में बढ़ता मानवीय हस्तक्षेप आपदाओं को निमंत्रण दे रहा है। हमें जन अभियान परिषद के साथ मिलकर निरंतर जागरूकता अभियान चलाने होंगे ताकि समय रहते जन-धन की हानि को कम किया जा सके।

### सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव

जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला ने आपदा प्रबंधन के मनोवैज्ञानिक पक्ष पर जोर देते हुए कहा कि आपदाएं कभी बताकर नहीं आतीं। उन्होंने कहा कि अचानक आने वाली इन विपदाओं के लिए हमें मानसिक रूप से सदैव तत्पर रहना चाहिए और पूर्व व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखनी चाहिए।

साथ ही ब्लॉक समन्वयक अनिल चौरे ने ऐतिहासिक संदर्भ का उदाहरण देते हुए भोपाल गैस त्रासदी के विषय में विस्तार से बताया कि कैसे एक लापरवाही भारी जनहानि का कारण बनी। वहीं, वन विभाग से अनुराग साहू ने वनों की सुरक्षा को आपदा प्रबंधन का मूल मंत्र बताते हुए पर्यावरण संरक्षण की अपील की।

### विशेषज्ञों ने दिए जीवन रक्षक सुझाव

कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। संजय बंजारा (जिला स्तरीय प्रशिक्षक)- इन्होंने आपदा प्रतिरक्षण की तकनीकी बारीकियों और बचाव के व्यावहारिक तरीकों को विस्तार से समझाया। कु.सरोज डहरिया (सचिव, ओजस्विनी आत्म निर्भर महिला मंडल)- महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से आपदा प्रबंधन के उपाय बताए।

इस जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 55 गणमान्य नागरिक, महिलाएं और छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के समापन पर सुरेन्द्र रजक ने उपस्थित अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

## विधायक ने किया पुस्तक एवं गणवेश मेला शुभारंभ



**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुनने जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला मे मुख्य अतिथि के रूप मे सहभागिता किया। तथा फीता काट कर शुभारंभ किया। आज जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग, सिवनी द्वारा शासकीय उर्दू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला में भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा फीता काट कर विधिवत शुभारंभ किया। इसके उपरांत विद्यालय परिवार व विभागीय अधिकारियों द्वारा आत्मीय अतिथि सत्कार किया गया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का आयोजन की सार्थक पहल के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव की सरकार का संकल्प है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवश्यक संसाधन सुलभ हों। जिसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं आप खूब मन लगाकर पढ़ें और सिवनी जिले का नाम रोशन करें। आगे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य कक्षा केजी 1 से 12 वीं तक के सभी विद्यार्थियों को सरकारी दरों पर किफायती शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराना है। इस मेले में शासकीय एवं निजी स्कूलों के पाठ्यक्रम की पुस्तक 10 से 15 प्रतिशत और कापियां 50 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध कराई जा रही है। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रायवेट स्कूलों से जुड़े पुस्तक विक्रेताओं भी इस मेले में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि प्रायवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी कम कीमतों का लाभ मिल सके। साथ ही आपने जिला शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि जो प्रायवेट स्कूल पाठ्यक्रम विक्रेता मेले में सहयोग नहीं करते उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।